12.घर की देख-रेख और रखरखाव

निर्देश :

1 प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं ।

2 परीक्षा में बहु विकल्पीय (1 अंक), अति लघु प्रश्न (2 अंक), लघु प्रश्न (3 अंक) और दीर्घ प्रश्न (4 अंक) पूछे जाएंगें |

प्रश्न. 1 घर के कार्य लिखिए ? **2**

प्रश्न. 2 घर के सामाजिक कार्य लिखिएँ ? **2**

प्रश्न. 3 घर के लिए स्थल का चयन करते समय आप किन बातों का ध्यान रखेंगे ? निम्न की-वर्ड की सहायता से उत्तर लिखियें | **3**

प्रदूषण : घर, चयन, खुले क्षेत्र, यातायात, वायु, ध्वनि, मृदा: मकान, नींव, टिका होना, पोली मिट्टी, मकान गिरना, व्यावहारिक सुविधाएँ : घर, समीप, बाजार, बस स्टैंड, बैंक, अस्पताल

प्रश्न. 4 प्राकृतिक और कृत्रिम प्रकाश को समझाइए ? **2**

प्रश्न. 5 संवातन से आप क्या समझते हैं ? संवातन के तीन लाभ लिखिए | **3**

प्रश्न. 6 कांच के शीशे को साफ़ करने के लिए किन पदार्थो का उपयोग करेगें | **2**

प्रश्न. 7 सेप्टिक टैंक से आप क्या समझते हैं ? सेप्टिक टैंक के लाभ लिखिए | **3**

प्रश्न. 8 घर और मकान में अंतर सपष्ट कीजिए ? **2**

प्रश्न. 9 घर में साफ-सफाई के प्रकार लिखिए | **3**

प्रश्न.10 एक छोटे मकान को बड़ा दिखाई देने के लिये आप क्या करोंगे ? **4**

अथवा

अपने मित्र को उसके छोटे से घर में पर्याप्त स्थान बनाने के लिये **5** सुझाव दीजिए |

प्रश्न. 11 घर में शौचालय का होना क्यों जरुरी हैं ? **2**

प्रश्न. 12 वाटर क्लोजेट और गर्त शौचालय में क्या अंतर हैं ? **2**

शब्द भंडार : मकान, सुरक्षा, अपनापन, स्वास्थ्य, बैंक, रसोईघर, संवातन, प्रकाश, स्वच्छता, ड्राई-क्लीनिंग, साप्ताहिक, मौसमी, सेप्टिक टैंक, आर्थिक

प्रश्न. निम्न अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्न बनाइये और उनके उत्तर अपने साथियों से पूछिए | 2

घरों में बहुत सी ऐसी सतहें होती हैं जिन्हें हमें बारबार हाथ से छूना पड़ता है जैसे- पानी के नल, टायलेट हैंडल, टायलेट सीट कवर, कप, बोर्ड, ओवन, फ्रिज आदि के हैंडल, खिलौने, टेलीफोन, कंप्यूटर, सब्जी या मीट आदि काटने के बोर्ड आदि. इन सतहों पर रोगाणु काफी समय तक जीवित रह सकते हैं. इन सतहों को हाथ से छूने पर ये दूसरे लोगों व अन्य जगहों पर फैल सकते हैं. हाथों के संक्रमित होने से रोगाणु अन्य स्थलों तक पहुंच सकते हैं. हाथों को साबुन एवं गरम पानी से धोना चाहिए ताकि रोगाणु नष्ट हो जाएं. हाथों को ठीक तरह से सूखने देना चाहिए. बेहतर हो कि लिक्विड सोप या एंटीसेप्टिक सोप का प्रयोग हो.